# एक पखवाड़े तक चलेगा विशेष सेवा अभियान

**प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिनाने की तैयारी**

**अभियान के दौरान वाहनों के काफिले पर बंदिश रहेगी**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 जून. प्रदेश में 5 से 21 जून तक एक पखवाड़ा विशेष सेवा अभियान चलेगा. इस अभियान के दौरान प्रदेश के लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों के साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया जाएगा.**

वहीं अलग-अलग कार्यक्रम भी जनभागीदारी से संचालित किए जाएंगे. किसी भी कार्यक्रम में ज्यादा तामझाम नहीं होगा, विशेष रूप से वाहनों के काफिले पर बंदिश रहेगी. अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान इस संबंध में सहमति बन गई है. इधर अभियान को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी संभाग आयुक्त, कलेक्टर और जिला पंचायत के सीईओ को निर्देश जारी किए हैं. निर्देशों के तहत विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को प्रत्येक विकास खण्ड/ नगरीय निकायों में एक पेड मां के नाम अभियान संचालित किया जाएगा. इस अभियान में विद्यालयों,/महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाएगा. पौधरोपण अभियान में पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के पौधरोपण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. इस कार्यक्रम का नोडल विभाग पर्यावरण विभाग रहेगा. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, वन, उद्यानिकी इस अभियान को क्रियान्वित करायेंगे. स्वच्छता अभियान में प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा. इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के लिए ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय क्षेत्र के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग नोडल विभाग रहेगा. शासकीय कार्यालय भवन, स्कूल भवन, छात्रावास भवन आदि में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा. जल स्रोतों के आसपास सफाई एवं गहरीकरण आदि गतिविधियों की जाएंगी.

### प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 19 एवं 20 जून 2026 को प्रत्येक जिले में 2 स्थानों पर कृषि विशेषज्ञों/ वैज्ञानिकों एवं अन्य अनुभवी व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शन एवं व्याख्यान सहित प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय निकायों में स्थानीय योग समूह के सहयोग से मनाया जाएगा. योग अभ्यास के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा. जहां संभव हो वहां एक सप्ताह का प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किये जाएंगे.

### 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन

इस दौरान जनकल्याण शिविर 12 से 18 जून की अवधि में जिले के प्रत्येक विकास खण्ड/नगरीय निकाय मुख्यालयों पर आयोजित होंगे जिनमें केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत छूट हुए पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण किए जायेंगे. शिविर 3 दिवसीय होगा. मैदानी अमले के सहयोग से लाभार्थियों को शिविर तक लाने का कार्य किया जायेगा. आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी एवं वीबी-जी-रामजी योजनाओं तथा विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन कराया जायेगा.

# नौतपा के आखिरी दिन भी बदला रहा प्रदेश का मौसम

## 5 से 7 दिन देर से आयेगा मध्यप्रदेश में मानसून

**45 जिलों में बारिश-आंधी का अलर्ट**



**भोपाल, 2 जून. मध्यप्रदेश में इस बार नौतपा तपती गर्मी की बजाय बारिश, आंधी और ओलावृष्टि के लिए याद किया जाएगा. लगातार आठ दिनों से सक्रिय प्री-मानसून गतिविधियों ने पूरे प्रदेश के मौसम का मिजाज बदल दिया है.**

नौतपा के अंतिम दिन मंगलवार को भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम खराब रहा. इस बीच मौसम विभाग ने 45 जिलों में बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के अनुसार धार और बड़वानी जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है, जबकि आगर-मालवा और राजगढ़ में ओलावृष्टि होने की संभावना है. कई क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. पश्चिमी विक्षोभ और अन्य मौसम प्रणालियों के सक्रिय रहने के कारण प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां लगातार बनी हुई हैं. खंडवा, नीमच, पांढुर्णा, उज्जैन, गुना, शिवपुरी, टीकमगढ़, सीहोर सहित कई जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई.

कई स्थानों पर धूलभरी आंधी के बाद जोरदार बारिश हुई. शाजापुर जिले की अकोदिया मंडी में खुले में रखी कृषि उपज भी बारिश से प्रभावित हुई, जिससे किसानों और व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा. मौसम विभाग का कहना है कि मानसून की गति फिलहाल धीमी है. सामान्यतः मध्य प्रदेश में मानसून 15 जून के आसपास प्रवेश करता है, लेकिन इस बार इसकी दस्तक 20 से 22 जून के बीच होने की संभावना जताई जा रही है.

### पूरी तरह समाप्त हुआ लू का असर

लगातार बारिश और बादलों की मौजूदगी के कारण प्रदेश के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. कई शहरों में तापमान सामान्य से 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक कम हुआ. खंडवा का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, जबकि पचमढ़ी में भी रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया. भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर सहित बड़े शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहा. इसके चलते प्रदेशभर में लू का असर पूरी तरह समाप्त हो गया है.

# सख्ती से हटेंगे अतिक्रमण

- अध्यक्ष शर्मा ने बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की
- आवासीय सेक्टर का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

**ग्वालियर. साडा ग्वालियर के अध्यक्ष अशोक शर्मा की अध्यक्षता में आज एक महत्पूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में सीईओ अनिशा श्रीवास्तव, हरनाम सिंह प्रभारी सहायक यंत्री, संपदा अधिकारी, नबल सिंह राजपूत, उपयंत्री, प्रशासनिक अधिकारी सहित अधिकारीयों, कर्मचारियों की मौजूदगी रही.**

बैठक के बाद आवासीय सेक्टर सी, निर्मित ड्यूप्लेक्स भवनों एवं एल.आई.जी., ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट्स का निरीक्षण किया गया. अध्यक्ष द्वारा बैठक में शीघ्र बसाहट शुरू करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये, जिसमें आवासीय सेक्टर्स (ए1, ए2 तथा सी) के भूखण्डों के शेष बचे हितग्राहियों को शीघ्र कब्जा प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने नोटिस जारी किये जाने एवं पूर्व में भेजे गये अंतिम सूचना पत्र पर भूखण्ड निरस्तीकरण की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये.

डुप्लेक्स भवनों में कब्जा प्राप्त करने के इच्छुक हितग्राहियों के साथ बैठक कर सहमति ली जाकर भवनों पर शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ किए जाने से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर बोर्ड बैठक में रखे जाने के निर्देश दिये गये.

# परिवहन की बसों में सफर करेंगी बहनें

## रक्षाबंधन : सीएम ने विस परिसर में मीडिया से चर्चा में कहा



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य परिवहन सामान्य जन के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.**

राज्य सरकार न सिर्फ प्रदेश में बेहतर और आधुनिक सडक़ों का तेजी से निर्माण कर रही है, बल्कि जल्द ही नागरिकों को राज्य परिवहन की विशेष सुविधा भी देने जा रही है. राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत की ओर बढ़ रही है. इस बार रक्षाबंधन पर हमारी बहनें परिवहन विभाग की बसों में सफर करें, इसके लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी विधानसभा में मीडिया से चर्चा में दी. उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति के कारण शहरों के बीच दूरी अधिक है.

### जनता का आवागमन सुगम बनाएगी परिवहन सेवा

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा सभी समस्याओं को खत्म कर जनता का आवागमन सुगम बनाएगी. उम्मीद है कि राज्य के अंदरूनी हिस्सों और पड़ोसी राज्यों के साथ मध्यप्रदेश सरकार का यह प्रयास सुगम परिवहन सेवा के प्रभावी रूप में देखने को मिलेगा. प्रदेश में जन सुविधाओं के विस्तार और प्रदेश के समग्र विकास के लिए हमारी सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता और संकल्प के साथ कार्य कर रही है.



# धिरौली में बज्रपात से चचेरे भाई-बहन की मौत

- सरई थाना क्षेत्र की घटना, आम बिनने गये थे भाई-बहन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जून। सरई थाना क्षेत्र के धिरौली में मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे आम फल बिन रहे भाई-बहन के ऊपर आकाशीय बिजली गिरी और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये और दोनों घायलों को आनन-फानन में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न लाया गया। परीक्षण के दौरान चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है।**

जानकारी के अनुसार मृतक सुरूज कुमारी कुशवाहा पिता शिवप्रसाद कुशवाहा उम्र 12 वर्ष एवं वेदप्रसाद कुशवाहा पिता नरेन्द्र कुशवाहा उम्र 16 वर्ष निवासी धिरौली दोनों चचेरे भाई-बहन आम बिन रहे थे। तभी तेज चमक-गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी और दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गये। परिवारजनों के द्वारा आनन-फानन में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर लाया गया। चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिवार में एक साथ दो बच्चों के अकाल मौत से पूरा परिवार सदमे में है।

**घर से चन्द कदम दूर रहे गये अक्षय-** रजमिलान से सामान लेकर एक युवक अपने घर रम्पा जा रहे थे कि आज ही दोपहर के वक्त आकाशीय बिजली गिरी और उसके चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना स्थल एवं घर की दूरी महज चन्द कदम दूर थी। जानकारी के अनुसार अक्षय कुमार यादव पिता रामकृपाल यादव उम्र 21 वर्ष निवासी रम्पा आज दोपहर के वक्त घरेलू सामग्री लेकर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक बूंदाबांदी शुरू हुई और आकाशीय बिजली के चपेट में अक्षय आ गया। घायल अवस्था में परिजनों के द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बैढ़न लाया गया, किंतु चिकित्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

### रजदहा में गिरी गाज, चार मवेशी मरे

चितरंगी थाना क्षेत्र के रजदहा गांव में आज दोपहर के समय करीब 3 बजे बारिश के साथ तेज चमक-गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी और इसके चपेट में आने से राजेन्द्र यादव की एक गाय एवं तीन बैलों की दर्दनांक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिस वक्त बारिश हो रही थी, उस वक्त मवेशी बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे चले गये थे, अचानक चमक-गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी और उसके चपेट में आने से चार मवेशी दम तोड़ दिये।

# कर्मचारी पर हमला करने वाले रेत कारोबारी पर अपराध दर्ज

## सर्कल प्रभारी के वाहन में तोड़फोड़ एवं जान से मारने की धमकी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जून। देवसर क्षेत्र के एक रेत कारोबारी ने सर्कल प्रभारी एवं सहकार ग्लोबल कंपनी के फ्लाइंग स्क्वाड कर्मचारी के साथ मारपीट एवं वाहन में तोड़फोड़ करने वाले अवैध कारोबारी के विरूद्ध बरगवां एवं जियावन थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।**

इस संबंध में देवसर एसडीओपी गायत्री तिवारी ने बताया कि बरगवां थाना क्षेत्र में 1 जून की रात विवेक सिंह सहकार ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के फ्लाइंग स्क्वाड कर्मचारी ने अवैध रेत से लदे एक टिपर वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडजे 0223 को चेक पोस्ट पर रोका। जिसके बाद वाहन स्वामी सनि पाठक और चालक के विरुद्ध थाना बरगवां में 4,21 खान एवं खनिज अधिनियम तथा 303(2),317(5)भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर टिपर जप्त कर ली गई है। इसके पश्चात थाना जियावन क्षेत्र में उसी रात करीब 10:30 बजे रेत गाड़ियाँ पकड़ने से नाराज सुमित पाठक उर्फ शनि एवं उसके सहयोगियों ने कंपनी के सर्कल प्रभारी शुशील कुमार मिश्रा की गाड़ी को रोककर मारपीट की, उनके वाहन के शीशे फोड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। जिस पर थाना जियावन में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है इन घटनाओं को लेकर संबंधित थाना स्तर पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।



### इनका कहना

फरियादी सुशील कुमार मिश्रा सहकार ग्लोबल कंपनी में सर्कल प्रभारी हैं। बीती सोमवार की रात बरगवां से देवसर की ओर आ रहे थे कि थार वाहन के चालको के द्वारा वाहन को रोक कर गाली-गलौज करते हुये बोलेरो वाहन में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं बरगवां थाने में भी सुमित उर्फ सनि पाठक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**गायत्री तिवारी**
**एसडीओपी, देवसर**

# साइकिल से घुमने जा रहे बालक पर गिरी आकाशीय बिजली

- बरगवां थाना क्षेत्र के उज्जैनी गांव की घटना, परिवार में छाया मातम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जून। बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम उज्जैनी में आज मंगलवार की दोपहर करीब 2:30 बजे आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 10 वर्ष बालक का दर्दनाक मौत हो गई।**

बालक बूंदाबांदी के दौरान साइकिल से अपने दोस्तों के यहां घुमने जा रहा था। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है। वहीं पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम उज्जैनी निवासी तुलसीदास कोल पिता जियालाल कोल उम्र 10 वर्ष आज दोपहर करीब 2:30 बजे साइकिल से अपने दोस्तों के यहां घुमने जा रहा था। इसी दौरान मौसम भी बदला हुआ था कि हल्की बूंदाबांदी हो रही थी कि अचानक तेज चमक-गरज के साथ आकाशीय बिजली बालक के समीप गिरी और उसके चपेट में आने से तुलसीदास की मौत हो गई। इस घटना को सून गांव के लोग एकत्रित हो गये। वहीं मृतक के मॉ-पिता व दादी समेत अन्य जन बदहवास हालत में हैं। घटना की सूचना मिलते ही बरगवां पुलिस स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



# बेकाबू मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराई, एक युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जून। जिले के दूरस्थ लंघाडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत साजावार तिराहे स्थित जिओ टावर के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकराते हुये दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक युवक उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ओड़गड़ी निवासी अम्बर सिंह पिता राम सिंह उम्र 28 वर्ष हरिलाल सिंह पिता धीरू सिंह उम्र 26 वर्ष दोनों मोटरसाइकिल में सवार होकर आज दोपहर के वक्त काफी तेज गति से आ रहे थे कि लंघाडोल थाना क्षेत्र के साजावार तिराहा के पास पुलिया के डिवाइडर से टकरा गये। जहां मोटरसाइकिल करीब 20 फीट दूर उछल कर जा गिरी। वहीं बाईक में सवार एक युवक पर डिवाइडर का मलवा गिर पड़ा। इधर घटना की खबर आसपास के लोगों को लगी, जहां घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महमूद खान एवं उनके सहयोगी शिव प्रसाद शाह ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न पहुंचाया गया। उपचार के दौरान अम्बर सिंह की मौत हो गई। जबकि उसका दूसरे साथी का इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि मोटरसाइकिल काफी तेज गति में थे। फुटबॉल की तरह उछलते हुये काफी दूर जाकर बाईक गिरी और पीछे सवार युवक भी सड़क से दूर जाकर गिरा। मौत एवं घायल होने का मुख्य कारण तेज गति है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



# वैढ़न में मेगाशॉप की एंट्री, मध्य प्रदेश में खुला पहला स्टोर, लांच पर आकर्षक आफर्स

नवभारत न्यूज

**वैढ़न, सिंगरौली 2 जून,देश की प्रमुख वैल्यू फैशन रिटेल चेन मेगाशॉप ने वैढ़न, सिंगरौली में अपने नए स्टोर का शुभारंभ किया। यह नया स्टोर अमलोरी मोड़, नवानगर, वैढ़न, सिंगरौली, मध्य प्रदेश में है। 6,500 वर्गफुट में फैला यह स्टोर ग्राहकों के लिए आधुनिक और बेहतर शॉपिंग अनुभव लेकर आया है।**

इस अवसर पर मेगाशॉप के ष्टस्ह्र श्री हेमंत अग्रवाल ने कहा, वैढ़न, सिंगरौली में अपना पहला स्टोर शुरू करना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। हमारा प्रयास है कि शहर के ग्राहकों को किफायती कीमतों पर बेहतर फैशन के साथ एक शानदार शॉपिंग अनुभव मिल सके। नया स्टोर आधुनिक और आकर्षक इंटीरियर्स के साथ तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को खरीदारी के साथ एक बेहतर और यादगार शॉपिंग अनुभव मिल सके। यहां युवाओं और परिवारों के लिए फैशन की ट्रेंडी रेंज उपलब्ध है। लड़कों के लिए शर्ट, टी-शर्ट, पैंट, जींस, ट्रैकसूट, शेरवानी, कुर्ता-पायजामा और सूट जैसे विकल्प मौजूद हैं, वहीं लड़कियों और महिलाओं के लिए टॉप्स, कुर्तियां, जींस, ब्राइडल साड़ियां, ब्राइडल सूट, लेगिंग्स, पायजामे और हरम पैंट्स की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। मेगाशॉप में ग्राहक लॉन्च ऑफर्स के साथ अपनी शॉपिंग को और खास बना सकते हैं। हर खरीदारी पर ग्राहकों को सुनिश्चित उपहार और विशेष डील्स का लाभ मिलेगा। 1,499 की खरीदारी पर ग्राहक केवल 149 में डफल बैग प्राप्त कर सकते हैं।


In The Court Of Judicial Magistrate First Class, Civil Court Rampur, Baghelan, Distt. Satna

Presiding Officer: श्री प्रशांत मर्सकोले

MJC R/10/2025

शीला यादव Vs राकेश यादव

Process Id-248 /2026

पेशी दिनांक -25/06/2026

प्रेषिती-

(1) राकेश यादव तनय श्यामसुन्दर यादव उम्र 30 वर्ष पेशा डेयरी निवासी बेलहटा (रतहरा बायपास रीवा) थाना विश्वविद्यालय जिला रीवा म.प्र.

यह कि प्रार्थी शीला यादव ने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 144 बी.एन.एस.एस.2023 वास्ते दिलाए जाने भरण पोषण राशि के लिए वाद संस्थित किया है, यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के नियत पेशी दिनांक 25-06-2026 के पूर्व वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्त दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें .

यह आज तारीख 01-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
(प्रशांत मर्सकोले)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
रामपुर बाघेलान,जिला सतना (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



### नाम परिवर्तन सूचना

हम द्योषणा करते है कि मै ARADHANA KAPDI पत्नी SHIVAM KAPDI निवासी WARD NO.22 NEAR SHUBHAM NARSINGHOME JEEVAN JYOTI, COLONY SATNA RAGHURAJNAGAR, जिला SATNA M.P. मे निवास करते है। मेरे नावलिक पुत्र के पासपोर्ट मे SATYAM KAPRI लिखा जिसे हम बदल (सुधार) कर अब अपने पुत्र का नया (सही) नाम SATYAM KAPDI S/O SHIVAM KAPDI कर लिया है कृपया अब से पुत्र को नये नाम SATYAM KAPDI S/O SHIVAM KAPDI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय।



### नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम भावना भसीन है। मैं वार्ड नंबर 10 अर्जुन नगर करौंदिया उत्तर टोला जिला सीधी (म.प्र.) की निवासी हूं, मेरे दसवीं कक्षा की अंकसूची में शादी से पहले मेरा नाम भावना आनंद (Bhawana Anand) लिखा हुआ था, जो त्रुटिवश कुछ जगह गलत माना जा रहा है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भावना भसीन (Bhawna Bhasin) नाम लिखा हुआ है जो पूर्णता सत्य है। अतः मेरा नाम सुधार कर भावना आनंद की जगह भावना भसीन लिखा जाए, पढ़ा जाए एवं जाना जाए।

भवदीय
भावना भसीन
निवासी- वार्ड नंबर 10, अर्जुन नगर, करौंदिया उत्तर टोला
जिला सीधी (म.प्र.)


**पत्रकार वार्ता** | पटवारी ने कहा- किसी राजनीतिक दबाव के आगे झुकने वाले नहीं हैं कांग्रेस कार्यकर्ता

# वर्ष 2028 में जनहितैषी सरकार का होगा गठन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 2 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नीमच में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए देश में बढ़ती आर्थिक असमानता, कमजोर होती अर्थव्यवस्था तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्षरण पर गंभीर चिंता व्यक्त की.**



उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता किसी भी राजनीतिक दबाव के आगे झुकने वाले नहीं हैं और वर्ष 2028 में मध्यप्रदेश में जनहितैषी सरकार का गठन होगा. पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है. उन्होंने बताया कि कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रदेशभर में मंडल और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इनका उद्देश्य संगठन को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना तथा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाना है.

पटवारी ने पिछले एक दशक के दौरान रोजगार, आर्थिक विकास और राष्ट्रीय प्रगति से जुड़े वादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं. उन्होंने विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों और आर्थिक संकेतकों का हवाला देते हुए प्रेस स्वतंत्रता में गिरावट और देश में बढ़ती आर्थिक विषमता पर चिंता जताई. उनका आरोप था कि देश की संपत्ति का बड़ा हिस्सा सीमित वर्ग के हाथों में सिमटता जा रहा है.

### संघर्ष जारी रखेगी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों का सरकारी खाद्यान्न सहायता पर निर्भर होना अर्थव्यवस्था की चुनौतियों को दर्शाता है. किसानों, गरीबों, बेरोजगार युवाओं और महिलाओं के हितों के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए पटवारी ने कहा कि पार्टी सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी और वर्ष 2028 में प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन का लक्ष्य हासिल करेगी.

# चोरी के अंदेशा में युवक की डंडा से बेरहमी से पिटाई

**सीधी 2 जून,** चोरी के अंदेशा में एक युवक की डंडा से काफी बेरहमी से पिटाई की गई। घायल होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। तत्संबंध में घायल आदित्य यादव पिता रामखेलावन यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम खाम्ह थाना मझौली ने बताया कि घर से बाहर मजदूरी का काम करता हूं। जनवरी 2026 से घर पर रहता हूं। अभी 29 मई को गांव में किराना की दुकान से साबुन लेकर लौट रहा था। दोपहर करीब 12 बजे राघवेन्द्र मिश्रा उर्फ मानु मिश्रा ने चोरी के संदेह में अपने पास बुलाया और गाली-गलौच शुरू कर दी। मना करने पर उनके द्वारा डंडा से मारपीट काफी बेरहमी से शुरू कर दी गई। हो-हल्ला मचाने पर लोगों ने बीच-बचाव किया। आरोपी जाते समय धमकी दिया कि दुबारा मिला तो जान से खत्म कर देंगे। मारपीट में आदित्य यादव के हांथ, पैर एवं सिर में दाहिने तरफ चोंटे आई हैं। मझौली थाना में आरोपी के विरुद्ध धारा 296(बी), 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।


### कार्यालय प्राचार्य शासकीय विवेकानन्द महाविद्यालय मैहर, जिला मैहर (म.प्र.)

### नियुक्ति सूचना

ICSSR मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट "Role of EMRS Sports Meets in Fostering Tribal Students Sports Talent in Madhya Pradesh" के अंतर्गत रिसर्च असिस्टेंट-01 एवं फील्ड इन्वेस्टिगेटर-01 के अस्थायी पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र उम्मीदवार अपना CV एवं आवश्यक दस्तावेज प्राचार्य (मो. 7828461382), शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय, मैहर, PIN-(485771) को भेज सकते हैं। मानदेय ICSSR दिशानिर्देशो के अनुसार देय होगा। दस्तावेज स्वीकार करने की अवधि : (प्रकाशन की तारीख से 21 दिन तक)।

प्राचार्य
शासकीय विवेकानन्द महाविद्यालय
मैहर, जिला मैहर (म.प्र.)